**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 19 अगस्त 2025, समय 1810 (10 मिनट)**

**मुख्य समाचार :-**

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भविष्य के मिशनों का नेतृत्व करने के लिए भारत में अंतरिक्ष यात्रियों का एक बड़ा समूह बनाने पर बल दिया।**
- **इंडिया गठबंधन ने सर्वोच्च न्यायलय के  पूर्व न्यायधीश बी सुदर्शन रेड्डी को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया।**
- **हरियाणा के राज्यपाल असीम कुमार घोष ने प्राथमिक  शिक्षा को और मज़बूत बनाए जाने पर बल दिया।**
- **भिवानी के सिंघानी में अध्यापिका की संदिग्ध मृत्यु के मामले में मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार पीड़िता के साथ दुराचार नहीं हुआ।**
- **मुख्य मंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली ने भाजपा पदाधिकारियो से संगठन और सरकार में बेहतर तालमेल को लेकर चर्चा की।**

**************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भविष्य के मिशनों का नेतृत्व करने के लिए भारत में अंतरिक्ष यात्रियों का एक बड़ा समूह बनाने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया है।

श्री मोदी ने नई दिल्ली में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के साथ बातचीत के दौरान यह बात कही। मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री ने श्री शुक्ला की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के सामने अब दो बड़े मिशन हैं- भारत अंतरिक्ष स्टेशन और गगनयान। प्रधानमंत्री ने ज़ोर देकर कहा कि शुक्ला का अनुभव इन आगामी प्रयासों में बहुत उपयोगी होगा।

श्री शुक्ला ने प्रधानमंत्री मोदी को एक्सिओम-4 मिशन पैच भेंट किया और उन्हें अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से ली गई पृथ्वी की तस्वीरें दिखाईं।

*****************************************************************

इंडिया गठबंधन ने सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी सुदर्शन रेड्डी को विपक्ष की ओर से उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उनके नाम की घोषणा की। श्री खरगे ने कहा कि सभी विपक्षी दल इस बात पर सहमत हैं कि यह एक वैचारिक लड़ाई है और इसीलिए वे चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी बताया कि श्री रेड्डी इस महीने की 21 तारीख को अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन पहले ही महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए प्रत्याशी घोषित कर चुका है।गठबंधन के सभी सहयोगियों ने इस निर्णय का समर्थन किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के इस फैसले का स्वागत किया है ।

*****************************************************************

हरियाणा के राज्यपाल  असीम कुमार घोष ने आज जींद जिले के विभिन्न गांवों के प्राथमिक स्कूलों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का  दौरा किया और  वहां मिलने वाली सुविधाओं का नीरीक्षण किया और देखा कि इनमें और क्या सुधार हो सकता है।

गांव झांझ  की राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला के दौरे के दौरान राज्यपाल ने मिड डे मील और स्कूल में मिल रही अन्य सुविधाओं के बारे जानकारी ली। इस अवसर राज्यपाल ने अपने संबोधन में मिड डे मील में औरसुधार पर बल दिया और कहा कि इसे और अधिक बेहतर बनाने की आवश्यकता है ताकि हमारे बच्चों  का सर्वांगीण विकास हो सके । राज्यपाल ने बच्चों को अनुशासन में रखने तथा उन्हें खेल एंव अन्य गतिविधियों से भी जोड़ने पर बल दिया।

स्कूल के निरीक्षण के पश्चात पत्रकारों से बातचीत में राज्यपाल असीम कुमार घोष ने बताया कि उन्होंने स्कूल में छत पर बरसात का पानी एकत्रित न होने देने का प्रबंध करने और बिजली के पंखे की समुचित व्यवस्था के लिए अपने ऐच्छिक कोष से 60 हजार रुपए देने की घोषणा की है।

राज्यपाल ने कहा कि हरियाणा में उच्च शिक्षा का स्तर बहुत बेहतर है लेकिन प्राथमिक शिक्षा को और मजबूत किए जाने की जरूरत है।

****************************************************************

भिवानी के सिंघानी में महिला अध्यापिका मनीषा की संदिग्ध मृत्यु के मामले में रोहतक रेंज के महानिरीक्षक वाए पूर्ण कुमार ने कहा कि पोस्टमॉर्टम और विसरा की रिपोर्ट के अनुसार मृतिका के साथ दुराचार नहीं हुआ और न ही चेहरे पर

एसिड फेंका गया।मीडिया से बातचीत में आई जी वाए पूर्ण कुमार ने बताया कि अध्यापिका के पेट में कीटनाशक पाया गया है।

खुदकुशी लेख को लेकर एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह नोट उसी दिन मिला  था जब अध्यापिका का मृतक शरीर बरामद हुआ। उन्होंने कहा कि मृतिका के परिजन भी लिखाई की पुष्टि कर चुके हैं।

ग्रामीणों द्वारा मामले की सीबीआई जांच को लेकर पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि वह इस पर कुछ नहीं कह सकते क्योंकि यह निर्णय  प्रशासनिक स्तर पर लिए जाते है ।

*****************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भारतीय जनता पार्टी के  प्रदेश अध्यक्ष  मोहन लाल बडौली जी ने आज चंडीगढ़ में आयोजित जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी एवं प्रदेश पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक में संगठन और सरकार के बीच बेहतर तालमेल को लेकर विस्तार से चर्चा की।

बैठक में हाल ही में प्रदेशभर में सम्पन्न हुई जिला कार्यकारिणी की बैठकों की समीक्षा की गई और संगठन को और मजबूत करने की रणनीति पर विचार किया गया।

साथ ही आगामी योजनाओं और जनसंपर्क अभियानों की रूपरेखा पर भी चर्चा हुई, ताकि जनता तक प्रदेश सरकार की नीतियों और उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सके।

इस अवसर पर प्रदेश संगठन  महामंत्री फणींद्रनाथ शर्मा , प्रदेश महामंत्री एवं टीम हरियाणा के मंत्री कृष्ण बेदी , प्रदेश महामंत्री डॉ. अर्चना गुप्ता ज, प्रदेश महामंत्री  सुरेंद्र पूनिया  उपस्थित रहे।

*********************************************************************

हरियाणा सरकार ने सभी प्रशासकीय सचिवों को निर्देश दिए हैं कि सेवानिवृत्ति से पहले, अंतिम छह महीनों की सेवा अवधि में किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को सामान्य भविष्य निधि की अग्रिम निकासी की स्वीकृति न दी जाए।ये निर्देश सामान्य भविष्य निधि से संबंधित प्रक्रियाओं में अनियमितताओं को रोकने के उद्देश्य से जारी किए गए हैं।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस सम्बन्ध में जारी एक पत्र में कहा गया है कि कर्मचारी की सेवानिवृत्ति की तिथि से पूर्व 12 महीनों में स्वीकृत किए गए अग्रिम या निकासी की जानकारी अनिवार्य रूप से प्रपत्रों में दर्ज और प्रशासनिक विभाग द्वारा प्रमाणित की जानी चाहिए।

*********************************************************************

पलवल के उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया कि जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा बाल भवन पलवल में फैशन डिजाइनिंग कोर्स शुरू किया जा रहा है। इस कोर्स के लिए पहले 30 दाखिले निशुल्क होंगे। इसके अलावा बाल भवन में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित कटिंग, टेलरिंग, ब्यूटीशियन, कंप्यूटर, आर्ट एंड क्राफ्ट, ड्रेस डिजाइनिंग के कोर्स भी शुरू किए जाएंगे। इन कोर्स की फीस न्यूनतम है। इन  पाठ्यक्रमों का समय 6 महीने व एक साल तक होगा। कोर्स पूरा करने के बाद छात्राओं को प्रमाण पत्र दिया जाएगा

उपायुक्त ने बताया कि कोर्स पूरा होने के पश्चात परिषद द्वारा डिप्लोमा वितरित किए जाएंगे। जिला मुख्यालय पर स्थित बाल भवन में लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार की तरफ से विभिन्न कोर्स करवाए जा रहे है

**************************************************************

सोनीपत में  आज तड़के राष्ट्रीय मुख्य मार्ग 44 पर बहालगढ़ फ्लाईओवर के पास हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम की बस हादसे का शिकार हो गई, जिसमें चालक सहित 10 लोग घायल हो गए।

घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है।

जानकारी के मुताबिक यह बस कांगड़ा के जयसिंहपुर डिपो की थी जो पालमपुर से दिल्ली जा रही थी।

हादसा तब हुआ बहालगढ़ में  फ्लाईओवर पर आगे चल रहे एक ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दी और बस उससे टकरा गई। ट्रक चालक  मौके से फरार हो गया।

**************************************************************